एससीआरएफ कैविटी हेतु क्लीन रूम सुविधा के उद्घाटन पर रिपोर्ट
Report on inauguration of Clean Room for SCRF Cavity

वीईसीसी, राजारहाट परिसर, कोलकाता में स्थापित एससीआरएफ कैविटी हेतु क्लीन रूम सुविधा एवं संबद्ध एयर-कंडीशनिंग प्रणाली का उद्घाटन दिनांक 27.01.2026 को डॉ. सुमित सोम, निदेशक, वीईसीसी द्वारा श्री के. महापात्रा, निदेशक, निसेसंप्रनि की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) की विभिन्न इकाइयों के गणमान्य व्यक्ति एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

यह सुविधा **अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी)** गतिविधियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। यह नियंत्रित पर्यावरणीय परिस्थितियों में **उच्च-सटीकता वाली असेंबली, परीक्षण तथा प्रायोगिक कार्यों** के निष्पादन हेतु आवश्यक अवसंरचना प्रदान करती है। इस सुविधा में विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए **चार श्रेणियों के क्लीन रूम** सम्मिलित हैं, जिनमें **श्रेणी 100, श्रेणी 1,000, श्रेणी 10,000 तथा श्रेणी 100,000** शामिल हैं। श्रेणी 100 : एससीआरएफ कैविटी असेंबली क्षेत्र एवं उच्च-दाब रिंस कक्ष के लिए, श्रेणी 1,000 : क्रायोस्टैट असेंबली एवं परीक्षण क्षेत्र तथा नियंत्रण कक्ष के लिए, श्रेणी 10,000 : डिटेक्टर प्रयोगशाला एवं क्रायो मॉड्यूलर असेंबली कक्ष के लिए तथा श्रेणी 100,000 : INO प्रयोगशाला के लिए है।

इन क्लीन रूम को सामग्री प्रबंधन में **उच्च स्तर की संरक्षा, स्वच्छता एवं सटीकता सुनिश्चित** करने के साथ-साथ वीईसीसी तथा परमाणु ऊर्जा विभाग की अन्य इकाइयों की उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान गतिविधियों के प्रभावी प्रचालन हेतु विशेष रूप से अभिकल्पित किया गया है।

The Clean Room Facility for SCRF Cavity along with Air-Conditioning System at VECC Rajarhat Campus, Kolkata was inaugurated by Dr. Sumit Som, Director, VECC in the august presence of Shri K. Mahapatra, Director, DCSEM, along with dignitaries and employees from DAE units on 27.01.2026.

The facility has been established for **Research & Development (R&D)** activities. It supports **high-precision assembly, testing, and experimental work** under controlled environmental conditions. The facility comprises **four classes of clean rooms**, namely **Class 100, Class 1,000, Class 10,000, and Class 100,000**, catering to different functional requirements. Class 100 for SCRF Cavity Assembly area and High-Pressure Rinse Room, Class 1000 for Cryostat Assembly & Testing area, Control room and Control Room, Class 10000 for Detector Lab & Cryo Modular Assembly Room, Class 100000 for INO Lab.

These clean rooms have been meticulously designed to ensure **high levels of safety, cleanliness, and precision** in material handling and in carrying out advanced scientific research activities.

वीईसीसी में चरण–II के अंतर्गत विकास कार्य के उद्घाटन पर रिपोर्ट
Report on inauguration of Development Work for Phase-II at VECC

वीईसीसी, राजारहाट परिसर में चरण–II के अंतर्गत विकास कार्यों का उद्घाटन दिनांक 27.01.2026 को डॉ. सुमित सोम, निदेशक, वीईसीसी द्वारा श्री के. महापात्रा, निदेशक, निसेसंप्रनि की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पऊवि की विभिन्न इकाइयों के गणमान्य व्यक्ति एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस विकास परियोजना के अंतर्गत **प्री-इंजीनियरिंग बिल्डिंग–II (पीईबी–II), आरएमआरसी भवन** तथा **वीईसीसी की आगामी परियोजनाओं** को जोड़ने हेतु एक **सुव्यवस्थित आंतरिक सड़क** नेटवर्क का निर्माण किया गया है। सड़क नेटवर्क की कुल लंबाई 800 **मीटर** है, जिसमें **10 मीटर, 6 मीटर एवं 3 मीटर चौड़ी सड़कों** के साथ एक समर्पित **सुरक्षा गश्ती मार्ग** सम्मिलित है।

इसके अतिरिक्त, परियोजना में **फुटपाथ, वर्षा जल निकासी प्रणाली** तथा **अन्य आवश्यक उपयोगिता सेवाओं** की व्यवस्था की गई है ताकि सुरक्षित आवागमन, प्रभावी जल निकासी तथा वर्तमान एवं भविष्य की परिसर आवश्यकताओं को समर्थन देने वाली सुदृढ़ अवसंरचना सुनिश्चित की जा सके।

Development Work for Phase-II at VECC Rajarhat Campus, was inaugurated by Dr. Sumit Som, Director, VECC in the august presence of Shri K. Mahapatra, Director, DCSEM, along with dignitaries and employees from DAE units on 27.01.2026.

The development includes a **comprehensive internal road network** providing connectivity to the **Pre-Engineering Building-II (PEB-II)**, **RMRC Building**, and **upcoming VECC projects**. The total length of the road network is **800 metres**, comprising **10 m wide, 6 m wide, and 3 m wide roads**, including a dedicated **security patrolling track**.

The works also include the provision of **footpaths**, **storm water drainage system**, and **other essential utility services**, ensuring safe movement, proper drainage, and improved infrastructure to support present and future campus requirements.

******

















